पत्रिका

# नकली 'राजश्री गुटखा'.... पुलिस ने फैक्ट्री ने मारी रेड, खाली रैपर और मशीन जब्त




**Fake rajshree gutkha factory:** अशोकनगर शहर में असली के नाम पर नकली गुटखा पाउच का कारोबार चल रहा था। पुलिस ने दबिश दी तो 200 पैकेट पैक गुटखा पाउच, पैकिंग करने वाली मशीन मिली है। जिसे जब्त कर लिया गया है। जब्त सामग्री की कीमत करीब 2.90 लाख रुपए बताई गई है। अब पुलिस इस कारोबार की जांच में जुट गई है। (mp news)

पुलिस ने अचानक मारी रेड, मशीनें की जब्त

मामला शहर के टोरिया क्षेत्र का है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक सूचना मिली तो टोरिया क्षेत्र के लालजीराम साहू के घर पर पहुंचकर तलाशी ली तो एक कमरे में पीले रंग का कट्टा रखा मिला जिस पर मनीष साहू अशोकनगर लिखा था। जब उसे खोला तो 40-40 रुपए कीमत वाले राजश्री पान मसाला के 200 पैकेट मिले, प्रत्येक पैकेट में 10 राजश्री पाउच थे। एक पैकेट की कीमत 400 रुपए दर्ज मिली।

Source: https://www.patrika.com/ashoknagar-news/fake-rajshree-gutkha-factory-police-raid-machine-seized-mp-news-20028338